बेतवा नदी को प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए किए गए उपाय

1097. श्री राघवजी : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने मध्य प्रदेश में बेतवा नदी को प्रदूषण-मुक्त करने के लिए अब तक कोई कार्यवाही की है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या राज्य-सरकार ने बेतवा नदी को प्रदूषण-मुक्त करने के लिए कोई योजना केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत की है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) यदि अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो इसके क्या कारण हैं ?

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बेतवा नदी के भण्डी द्वीप और विदिशा के बीच के भाग को प्रदूषित क्षेत्र के रूप में अभिनिर्धारित किया है। राज्य सरकार से बेतवा नदी के इस क्षेत्र में प्रदूषण निवारण की स्कीमें तैयार करने हेतु सर्वेक्षण एवं अध्ययन करने के लिए अनुरोध किया गया था।

(ख) और (ग) मध्य प्रदेश सरकार ने किए गए इन सर्वेक्षणों एवं अध्ययनों के आधार पर भण्डी द्वीप, भोपाल एवं विदिशा नगरों के किनारे बेतवा नदी के प्रदूषण निवारण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं, जिनकी लागत 9.47 करोड़ रुपए है। इन प्रस्तावों में इन नगरों से होने वाले घरेलू अपशेष का अवरोधन, दिशा-परिवर्तन एवं उपचार करना शामिल है। प्रस्ताव के अन्य घटकों के अन्तर्गत अल्प-लागत स्वच्छता, ठोस अपशेष निपटान नहाने के घाटों का विकास, काष्ठ आधारित विकसित शवदाहगृह, वनीकरण एवं जन भागीदारी की व्यवस्था है।

इन प्रस्तावों पर राष्ट्रीय नदी कार्य योजना के अन्तर्गत सरकार से अनुमोदन प्राप्त करने की कार्रवाई चल रही है।

Requirement of forest cover

1098. SHRI SANJAY DALMIA: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) what is the minimum forest cover required as per norms laid down by Government of India;

(b) what is the percentage of forest cover at present in Uttar Pradesh; and

(c) how does it compare with other States in the country?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) National Forest Policy, 1988 stipulates that a minimum of one third of total geographical area of the country should be under forest or tree cover.

(b) As per State of Forest Report 1993 of Forest Survey of India, actual forest cover of the state of Uttar Pradesh is 11.5 per cent of the total geographical area of the state.

(c) The comparative details of the percentage of forest area of various states and Union Territories are given in the enclosed statement.